Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to remove illegal speed breakers on National Highways.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के बारे में बताना चाहता हूं । राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्पीड लिमिट 90-100 किलोमीटर प्रति घंटा है । हमने अक्सर देखा है कि गांवों से जो हाईवे गुजरते हैं, उन पर ब्रेकर्स बना दिए जाते हैं । इन ब्रेकर्स पर न तो वाइट पट्टी होती है और न ही कोई साइन बोर्ड होता है । इस तरह से चलती हुई गाड़ी के सामने अचानक ब्रेकर आने से एक्सीडेंट के चांस बहुत बढ़ जाते हैं । गाड़ी में बैठी सवारियों को चोट भी लग सकती है ।

ऐसा ही एक क्षेत्र मेरे चुरु के अंदर है, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसे ब्रेकर्स बनाए गए हैं, उनको हटाने का काम किया जाए । साथ ही साथ जिस गांव के अंदर फोर लेन की रोड दी जाती है, वहां सर्विस लेन नहीं दी जाती है । मेरे क्षेत्र राजलदेसर और रतनगढ़ में एनएच-52 बना है, उसके अंदर फोर लेन तो बना दी गई है, लेकिन सर्विस लेन नहीं बनाई गई है । इससे वहां के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है । मेरे क्षेत्र चुरु के अंदर आरओबी के साथ वीपीयू देने की प्लानिंग नहीं की गई । कंसल्टेंट की कमियों के कारण लोगों को इसका हर्जाना भुगतना पड़ता है । हर गांव में जहां से हाइवे गुजर रहा है, वहां पर एक व्हीकल अंडरपास जरूर बनना चाहिए, ताकि गांव वालों को सहूलियत मिले और हाइवे पर जो सवारियां चल रही हैं, उनको दिक्कतें न आएं ।

माननीय अध्यक्ष: मैं सदस्यों को आग्रह करना चाहता हूं कि मैं बेल नहीं बजाना चाहता । सामने घड़ी है और आपका नाम भी है । आप उसको देखते रहें । केवल एक मिनट मिलेगा और एक्स्ट्रा केवल 15 सेंकेड ।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।